Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPPSC
# ATP (M)
## Previous Year Paper
## (General Hindi & Essay)
## 25 Sept, 2024

Teachingninja.in

No. of Printed Pages : 3

| पुस्तिका क्रम संख्या<br>Booklet Serial No. |
|---|
| 2000036 |

# SMAC – 01
# 2023
## सामान्य हिन्दी एवं निबंध

निर्धारित समय : दो घंटे]
Time Allowed : Two Hours]

[अधिकतम अंक : 100
[Maximum Marks : 100

विशेष अनुदेश : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने लिखे हैं ।
(iii) निर्धारित स्थान को छोड़कर अन्यत्र कहीं भी अनुक्रमांक, नाम, पता, टेलीफोन नम्बर आदि न लिखें ।

### प्रथम खण्ड
### (सामान्य हिन्दी)

1. नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वास्तव में मनुष्य स्वयं को देख नहीं पाता । उसके नेत्र दूसरों के चरित्र को देखते हैं, उसका हृदय दूसरों के दोषों को अनुभव करता है । उसकी वाणी दूसरों के अवगुणों का विश्लेषण कर सकती है, किंतु उसका अपना चरित्र, उसके अपने दोष एवं उसके अवगुण, मिथ्याभिमान और थोथे आत्म–गौरव के काले आवरण में इस प्रकार प्रच्छन्न रहते हैं कि जीवन–पर्यन्त उसे दृष्टिगोचर ही नहीं हो पाते । इसीलिए मनुष्य स्वयं को सर्वगुण–संपन्न देवता समझ बैठता है । क्षुद्र व्यक्ति एवं मस्तिष्क अपनी क्षुद्र सीमा से परे किसी भी वस्तु का सही मूल्य आँकने में असमर्थ रहते हैं । इसीलिए व्यक्ति स्वयं के द्वारा जितना छला जाता है, उतना किसी अन्य के द्वारा नहीं । आत्म–विश्लेषण करना कोई सहज कार्य नहीं । इसके लिए अत्यंत उदारता, सहनशीलता एवं महानता की आवश्यकता होती है । इसका तात्पर्य यह नहीं कि आत्म–विश्लेषण मनुष्य कर ही नहीं सकता । अपने गुणों–अवगुणों की अनुभूति मनुष्य को सदैव रहती है । अपने दोषों से वह हर पल, हर क्षण अवगत रहता है, किंतु अपने दोषों को मानने के लिए तैयार न रहना ही उसकी दुर्बलता होती है और यही उसे आत्म–विश्लेषण की क्षमता नहीं दे पाती ।

प्रश्न :

अ) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । 4

ब) आत्म–मूल्यांकन की बाधाओं को अपने शब्दों में लिखिए । 3

स) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 3

द) गद्यांश का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । 6



Teachingninja.in

2. संधि को स्पष्ट करते हुए दीर्घ और गुण संधि का सोदाहरण परिचय दीजिए । 5

3. क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : (4×1=4)

अ) अतुल को काटकर सेब खिलाओ ।

ब) मैं आपसे मिल नहीं सका इसका मुझे शोक है ।

स) प्रेम करना तलवार की नोक पर चलना है ।

द) कमरा पानी से खचा–खच भरा है ।

ख) समास–विग्रह कर समास का नाम लिखिए : (4×1=4)

अ) नीलकंठ

ब) गिल्ली–डंडा

स) मदांध

द) आजन्म ।

4. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : (4×2=8)

अ) अंधेर घर का उजाला

ब) आँख का काजल चुराना

स) बालू में से तेल निकालना

द) मन–मोदक खाना ।

5. क) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए : 2

अलि, मिहिर

ख) निम्नलिखित शब्दों की शुद्ध वर्तनी वाला शब्द लिखिए : 2

औषधी, जागृत, संगृहित, असाम्यता

6. क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 3

अंगीकार, प्रत्यय, सन्निविष्ट

ख) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3

कल्पवृक्ष, यमुना, सरस्वती

ग) निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 3

अंगरखा, चबाना, सतसई



Teachingninja.in

## द्वितीय खण्ड
## (निबंध)

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए । निबंध की शब्द–सीमा **500** शब्द हैं : **50**

अ) भारतीय संस्कृति और लोक संगीत

ब) ए. आई. (A.I.) : संभावना और संकट

स) ग्रीनहाउस प्रभाव

द) भारतीय शिक्षा का बदलता स्वरूप

ई) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

फ) हिया जरत रहत दिन रैन : क्या यही है भारतीय किसान की नियति ?



Teachingninja.in